(d) The details of the films likely to be produced in different languages etc., and in different categories would depend upon the applications received, recommendations of the script committee and approval by the Board. No firm categorywise figures could be made available in advance for the future years.

आल इंडिया रेडियो के नागपुर केन्द्र से पाकिस्तान रेडियो के समाचारों का प्रसारण

3306. **डा॰ बापू कालदाते:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 23 सितम्बर, 1992 को मध्याह्न के पश्चात 8 बजकर 45 मिनट पर आल इंडिया रेडियो के नागपुर केन्द्र से पाकिस्तान रेडियो के समाचारों का प्रसारण किया गया;

(ख) यदि हां, तो इस गलती के क्या कारण हैं; और

(ग) भविष्य में ऐसी गलती की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) से (ग) जी, नहीं। आकाशवाणी का नागपुर केन्द्र तथा पाकिस्तान रेडियो, दोनों एक ही फ्रीक्वेंसी में परिचालित हैं और इसलिए रात के समय इनके कार्यक्रम नागपुर क्षेत्र में प्राप्त किए जा सकते हैं। आकाशवाणी के नागपुर ट्रांसमीटर का 23.9.1992 को बिजली की सप्लाई फेल हो जाने के कारण रात्रि 8.44 बजे से रात्रि 8.50 बजे तक कार्यक्रमों का प्रसारण बन्द हो गया था। ऐसा हो सकता है कि आकाशवाणी नागपुर से सिगनल न मिलने के कारण, स्थानीय श्रोताओं द्वारा पाकिस्तान के कार्यक्रम सुने गए हों और उससे यह लग रहा हो कि ये कार्यक्रम आकाशवाणी नागपुर से प्रस्तावित किए जा रहे हैं। तथापि, जब आकाशवाणी का ट्रांसमीटर कार्यक्रम प्रसारित कर रहा होता है तो पाकिस्तान के रेडियो कार्यक्रम को सुना नहीं जा सकता है क्योंकि आकाशवाणी के सिगनल इस क्षेत्र में अधिक शक्तिशाली हैं।

हरियाणा में और टी॰वी॰ टावर

3307. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार हरियाणा के औद्योगिक शहरों और जिला मुख्यालयों में वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान दूरदर्शन टावर चालू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या है जहां गत दो वर्षों के दौरान दूरदर्शन टावरों का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था;

(ग) निर्माण-कार्य में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(घ) हरियाणा के उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पहुंचते और जहां इन्हें पहुंचाने के लिए दूरदर्शन टावरों का निर्माण करने के प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; और

(ङ) इन पर होने वाले कुल और प्रस्तावित व्यय का ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान हरियाणा में कोई टी॰वी॰ ट्रांसमीटर चालू करने की कोई परिकल्पना नहीं है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

(घ) और (ङ) जहां इस समय रेवाड़ी में 111.27 लाख रुपये की अनुमोदित पूंजीगत लागत से एक अल्पशक्ति टी वी ट्रांसमीटर परियोजना कार्यान्वयनाधीन है वहां हरियाणा में ही हिसार में साधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए एक उच्च शक्ति टी॰वी॰ ट्रांसमीटर लगाने की परिकल्पना भी है।

Role of Satellite T.V. in increasing sex and teenage violence

3308. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that sex coupled with teenage violence is shown more and more in the film in the country;

(b) whether it is also a fact that films produced in the country and satellite